राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम : हिंदी
पाठ 5 : रहीम
कार्यपत्रक- 5

1. क्या आप इससे सहमत हैं कि रहीम के नीतिपरक दोहे आज की पीढ़ी के लिए उपयोगी हैं? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

2. 'जो रहीम ओछो बढ़े, तौ अति ही इतराय' से क्या तात्पर्य है? अपने जीवन के अनुभव से सिद्ध कीजिए।

3. रहीम ने 'बारे' और 'बढे' शब्दों के माध्यम से श्लेष अलंकार का सुंदर प्रयोग किया है। विवेचन कीजिए।
4. 'जाही निकारो गेह ते,कास न भेद कहि देइ' के द्वारा किसकी ओर संकेत है? स्पष्ट कीजिए।

5. रहीम ने किन-किन चीजों को धीरे-धीरे बढ़ने की बात कही है और क्यों?

6. रहीम ने स्वजनों को हर हाल में मानाने की बात कही है। आपके क्या विचार हैं ? प्रस्तुत कीजिए।
7. क्या आप मानते हैं कि काम पड़ने और काम निकल जाने पर लोगों के व्यवहार में बदलाव आता है? उदाहरण सहित लिखिए।

8. परोपकार का जीवन में क्या महत्व है? अपने जीवन से उदाहरण लेकर स्पष्ट कीजिए।

9. रहीम के प्रेम के स्वरूप पर टिप्पणी लिखिए।

10. बरवै छन्द को उदाहरण देकर प्रस्तुत कीजिए।